

'मेरी माटी मेरा देश' : विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरक पहल

खण्ड IV : अंक X | अक्टूबर-दिसम्बर, 2023

# बीपीआरएंडी बुलेटिन

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार



# महानिदेशक की कलम से.......

मुझे आप सभी से यह साझा करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि वर्ष 2023 का समापन पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के लिए उपलब्धियों भरा रहा। इस तिमाही में, भारत सरकार द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे 'मेरी माटी मेरा देश', 'राष्ट्रीय एकता दिवस' एवं 'आजादी का अमृत महोत्सव' का समापन, आदि में ब्यूरो ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

इस अवधि में ब्यूरो ने अपने प्रतिष्ठित सम्मेलन 'अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस' के 49वें संस्करण का आयोजन उत्तराखण्ड पुलिस के सहयोग से दिनांक 07–08 अक्टूबर, 2023 को देहरादून, उत्तराखण्ड में किया गया। इसका उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 को किया गया। साथ ही, 'युवा पुलिस उपाधीक्षकों का तृतीय राष्ट्रीय सम्मेलन' ब्यूरो की केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल द्वारा आयोजित किया गया।

हम जब भी अक्टूबर माह की चर्चा करते हैं तो 21 अक्टूबर का दिन सभी पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों के मानस पटल पर बेहद संवेदनशीलता के साथ उभरता है। इस दिन को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, नई दिल्ली पर सम्पन्न हुआ, जिसमें केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी ने समस्त शहीदों को नमन कर उनको पुष्प चक्र अर्पित किए। ब्यूरो और इसकी सभी बाह्य इकाइयों के अधिकारी व कार्मिक इस कार्यक्रम से व्यक्तिगत तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

इस तिमाही में ब्यूरो द्वारा कुछ महत्वपूर्ण गतिविधियों, जैसे 01 अक्टूबर, 2023 को इन्द्र कैंप और रंगपुरी पहाड़ी, वसंत कुंज में स्वच्छता अभियान, फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0, कार्मिकों के ज्ञान के लिए प्राथमिक चिकित्सा पर व्याख्यान, स्वास्थ्य चेकअप कैंप एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह इत्यादि का आयोजन किया गया।

ब्यूरो, जो कि गृह मंत्रालय द्वारा 5जी टैक्नोलॉजी का 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' है, ने इस विषय पर राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन (विमर्श–2023) का उद्घाटन दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर से किया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 27 अक्टूबर, 2023 को भारत मण्डपम, प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया, जिसमें 5जी प्रयोग के प्रदर्शन के लिए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा एक स्टॉल भी स्थापित किया गया।

यह अवधि व्यावसायिक रूप से ब्यूरो के लिए काफी सुखद, अर्थपूर्ण और गर्व करने की रही जिसमें बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से कुछ कार्यक्रमों का विवरण इस न्यूज बुलेटिन में दिया गया है।

मैं ब्यूरो के अपने सभी साथी अधिकारियों एवं कार्मिकों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा, कठिन परिश्रम, समर्पण एवं व्यावसायिक क्षमता के लिए बधाई देना चाहता हूँ और आशा करता हूँ कि वे नव वर्ष 2024 में नए जोश और नए उत्साह के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर ब्यूरो में अपनी सार्थकता बनाए रखेंगे।

Balaji
(बालाजी श्रीवास्तव)



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित एकता दौड़ का शुभारंभ दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली में किया गया



बीपीआरएंडडी
बुलेटिन

## राष्ट्रीय पुलिस स्मारक – पुलिस स्मृति दिवस परेड

दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 को 'पुलिस स्मृति दिवस परेड' का आयोजन देश के सभी पुलिस कार्यालयों में आयोजित किया गया। मुख्य परेड, 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' पर आयोजित की गई जिसमें माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी शामिल हुए तथा उन्होंने शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्यूरो मुख्यालय एवं बाह्य यूनिटों में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया।



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी 'राष्ट्रीय पुलिस स्मारक' परेड के दौरान



माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी शहीदों को पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए




माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी शहीदों को पुष्प चक्र और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए

## 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस 'अमृत काल में पुलिसिंग'

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और उत्तराखंड पुलिस के सहयोग से '49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस' जिसकी थीम है 'अमृत काल में पुलिसिंग' का आयोजन 07–08 अक्टूबर, 2023 को देहरादून में किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी द्वारा दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 को किया गया। सम्मेलन में राज्य पुलिस, संघ शासित क्षेत्रों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल एवं केंद्रीय पुलिस संगठन के 125 से ज्यादा वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। ब्यूरो और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से पुलिस तकनीक–2023 प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि, माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी का स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि, माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेट करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, माननीय केंद्रीय गृह सचिव, श्री अजय कुमार भल्ला जी को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेट करते हुए



मुख्य अतिथि, माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए




मुख्य अतिथि, माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण राष्ट्रगान के दौरान





## 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस – समापन समारोह

दिनांक 08 अक्टूबर, 2023 को 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस का समापन हुआ। समापन के मुख्य अतिथि, माननीय राज्यपाल उत्तराखंड, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, PVSM, UYSM, AVSM, VSM (सेवानिवृत्त) थे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्य सचिव, डॉ. सुखबीर सिंह संधू, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, महानिदेशक, उत्तराखंड पुलिस, श्री अशोक कुमार, निदेशक (आर&सीए/कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी), श्री रवि जोसेफ लोकू सहित 125 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी/प्रतिभागी उपस्थित थे। माननीय मुख्य अतिथि महोदय ने कार्यक्रम में ब्यूरो के कार्यों की सराहना की तथा पुलिस संगठनों में अनुसंधान की महत्ता पर जोर दिया। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि, माननीय राज्यपाल, उत्तराखंड, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, PVSM, UYSM, AVSM, VSM (सेवानिवृत्त) का स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव, उत्तराखंड, डॉ. सुखबीर सिंह संधू का स्वागत करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव, उत्तराखंड, डॉ. सुखबीर सिंह संधू को स्मृति चिन्ह स्वरूप पौधा भेट करते हुए



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव स्वागत भाषण देते हुए



मुख्य अतिथि, माननीय राज्यपाल, उत्तराखंड, मुख्य सचिव, उत्तराखंड, महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड और निदेशक (आर&सीए/कॉन्फ्रेंस सेक्रेटरी) राष्ट्रगान के दौरान

अक्टूबर, 2023

## महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान

01.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में गांव सभा के प्रधान के सहयोग से इंद्रकैंप, रंगपुरी पहाड़ी एवं वसंत कुंज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ब्यूरो के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ–साथ उस क्षेत्र के सामान्य जनों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया। ब्यूरो द्वारा चलाए इस अभियान की स्थानीय लोगों ने प्रशंसा की। ब्यूरो के कार्मिकों और क्षेत्र के आम जन ने मिलकर बापू को स्वछांजलि दी। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान


ब्यूरो के अधिकारी एवं कार्मिक और क्षेत्र के आम जन स्वच्छता अभियान के दौरान





अक्टूबर, 2023

## 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का शुभारंभ

02.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 02 अक्टूबर, 2023 को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय में 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का शुभारंभ ब्यूरो के महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव द्वारा झंडी दिखाकर आरंभ किया गया जिसमें ब्यूरो के सभी वर्ग और उम्र के अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए और अपनी शारीरिक क्षमता एवं सामर्थ्य के अनुरूप 5 किलोमीटर का निर्धारित लक्ष्य पूर्ण किया। यह अभियान पूरे माह 31 अक्टूबर, 2023 तक जारी रहा। इसका लक्ष्य 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' के उद्घोष को जन–जन तक पहुंचाना है। ●



महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव द्वारा 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' का शुभारंभ


महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव, अपर महानिदेशक, श्रीमती अनुपमा निलेकर चंद्रा एवं अधिकारीगण 'फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम रन 4.0' के दौरान

अक्टूबर, 2023

## सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं पर एक प्रदर्शन एवं व्याख्यान

12.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 12 अक्टूबर, 2023 को बीपीआरएंडडी के आधुनिकीकरण प्रभाग के 'जीवन विज्ञान विंग' ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं पर एक प्रदर्शन एवं व्याख्यान आयोजित कराया। प्रदर्शन में बीपीआरएंडडी के लगभग 100 कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं पर एक प्रदर्शन



वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कार्मिक, सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रियाओं पर प्रदर्शन एवं व्याख्यान के दौरान

अक्टूबर, 2023

## छठे 'राष्ट्रीय पुलिस परिप्रेक्ष्य प्रबंधन कोर्स' का आयोजन

17.10.2023
गाज़ियाबाद

दिनांक 17 अक्टूबर, 2023 को प्रशिक्षण विभाग, पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा 03 दिवसीय (17–19 अक्टूबर, 2023), छठे 'राष्ट्रीय पुलिस परिप्रेक्ष्य प्रबंधन कोर्स' का आयोजन केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद में किया गया। जिसका उद्घाटन ब्यूरो की अपर महानिदेशक द्वारा किया गया।




अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, छठे 'राष्ट्रीय पुलिस परिप्रेक्ष्य प्रबंधन कोर्स' में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए



छठे राष्ट्रीय पुलिस परिप्रेक्ष्य प्रबंधन कोर्स में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का समूह फोटोग्राफ





अक्टूबर, 2023

## 5जी पर राष्ट्रीय स्तर का हैकथॉन, 'विमर्श–2023'

25.10.2023
नई दिल्ली

5जी पर राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन, 'विमर्श–2023' का उद्घाटन दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रीय मीडिया सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने समारोह की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष, टीसीओई, श्री ए. के. साहू, अपर सचिव, सीआईएस, गृह मंत्रालय, श्री चंद्राकर भारती और सीईओ, आई4सी, गृह मंत्रालय, श्री राजेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी एवं वरिष्ठ अधिकारीगण, 5जी पर राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन, 'विमर्श–2023' के उद्घाटन के दौरान

अक्टूबर, 2023

## ब्यूरो मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक पर विस्तार से चर्चा

26.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (न.रा.का.स.), दक्षिण दिल्ली–। के नोडल कार्यालयों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी छमाही बैठक को और अधिक सार्थक बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई।



उप निदेशक (एसपीडी), बीपीआरएंडडी, नराकास, दक्षिण दिल्ली–। के नोडल कार्यालयों के अधिकारियों से चर्चा करते हुए

बीपीआरएंडडी
बुलेटिन

## 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस



मुख्य अतिथि, माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी, 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के प्रतिभागियों के साथ (उद्घाटन समारोह)

## 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस



मुख्य अतिथि, माननीय राज्यपाल, उत्तराखंड, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, PVSM, UYSM, AVSM, VSM (सेवानिवृत्त), 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के प्रतिभागियों के साथ (समापन सत्र)

अक्टूबर, 2023

## भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

27.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में भारतीय मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन किया। उद्घाटन में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। बाद में, महानिदेशक महोदय ने गृह मंत्रालय की ओर से 5जी प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन के लिए बनाए गए बीपीआरएंडडी स्टॉल का भी दौरा किया ●



गृह मंत्रालय की ओर से 5जी प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन के लिए बनाए गए बीपीआरएंडडी स्टॉल का फोटो

अक्टूबर, 2023

## ब्यूरो मुख्यालय एवं सभी बाह्य यूनिट में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

30.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय एवं सभी बाह्य यूनिट में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आरंभ हुआ जिसके अंतर्गत ब्यूरो मुख्यालय में महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने बाह्य यूनिट में निदेशकों सहित उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों को इस दिवस की शपथ दिलायी। ●




महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्री बालाजी श्रीवास्तव, ब्यूरो मुख्यालय एवं सभी बाह्य यूनिट के अधिकारियों एवं कार्मिकों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ दिलाते हुए



ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारी एवं कार्मिक सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शपथ लेते हुए





# राष्ट्रीय एकता दिवस

सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय एवं सभी बाह्य यूनिटों में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। ब्यूरो, मुख्यालय में महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव तथा बाह्य यूनिटों में निदेशकों/उपस्थित वरिष्ठ अधिकारी ने एकता दिवस की शपथ सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को दिलाई। सभी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए कार्य करने पर अपनी प्रतिबद्धता जताई। ●



महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए

अक्टूबर, 2023

## राष्ट्रीय एकता दौड़ तथा मानव शृखंला का आयोजन

31.10.2023
नई दिल्ली

दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के दौरान राष्ट्रीय एकता दौड़ तथा राष्ट्र के प्रति एकता प्रदर्शित करने के लिए मानव शृखंला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्यूरो के महानिदेशक श्री बालाजी श्रीवास्तव ने अधिकारियों एवं कार्मिकों की संपर्क सभा आयोजित की और राष्ट्रीय एकता मजबूत करने का आहवान किया। महानिदेशक महोदय ने कार्मिकों के कल्याण संबंधित समस्याओं को सुना और अधिकारियों को यथोचित निर्देश दिए। ●







महानिदेशक महोदय संपर्क सभा की अध्यक्षता करते हुए

नवंबर, 2023

दिनांक 08 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में आयोजित समारोह में महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी के निदेशक, श्री अमित गर्ग को बीपीआरएंडडी द्वारा नव प्रस्तावित ट्रॉफी 'पुलिसिंग में नवाचार के लिए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ट्रॉफी' प्रदान की, जिसे एनपीए में प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट स्क्वाड प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा।

## पुलिसिंग में नवाचार के लिए पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो ट्रॉफी

08.11.2023
नई दिल्ली



महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव, निदेशक, राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, श्री अमित गर्ग को ट्रॉफी प्रदान करते हुए

नवंबर, 2023

## वेलफेयर कार्यक्रम के तहत विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

03.11.2023
नई दिल्ली

दिनांक 03 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव के विशेष वेलफेयर कार्यक्रम के तहत विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप किया गया।




उप निदेशक (प्रशासन), श्री संजीव त्रिखा, महिला चिकित्सा अधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए



बीपीआरएंडडी के अधिकारी एवं कर्मचारी विशेष चिकित्सा शिविर के दौरान





## भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता का आयोजन

दिनांक 02 नवंबर, 2023 को बीपीआरएंडडी ने महिपालपुर, नई दिल्ली के स्थानीय क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए एक वॉकथॉन का आयोजन किया।



सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान बीपीआरएंडडी के अधिकारी एवं कर्मचारी



भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए एक वॉकथॉन

नवंबर, 2023

## आम जन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्क करने के लिए लघु नाटिका का आयोजन

03.11.2023
नई दिल्ली

दिनांक 03 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिपालपुर के सहयोग से आम जन को भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्क करने के लिए लघु नाटिका का आयोजन किया।



बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिपालपुर के बच्चे एवं ब्यूरो के अधिकारी और कर्मचारी



बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, महिपालपुर के बच्चे लघु नाटिका के दौरान

बीपीआरएंडडी
बुलेटिन

**नवंबर, 2023**

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस, 2023

10.11.2023
नई दिल्ली

दिनांक 10 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस, 2023 आयोजित किया गया, जिसमें आयुर्वेद किट की उपयोगिता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया। ●



अतिथि वक्ता आयुर्वेद किट की उपयोगिता बताते हुए

**नवंबर, 2023**

## ब्यूरो मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह

दिनांक 10 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ब्यूरो के सभी अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए। कार्यक्रम में एक छोटा सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। अंत में, ब्यूरो के महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। ●



महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव दीपावली मिलन समारोह के दौरान दीप प्रज्वलित करते हुए




महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए



महानिदेशक, श्री बालाजी श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिकारियों एंव कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए

10.11.2023
नई दिल्ली

**नवंबर, 2023**

## धरती आबा, भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम

दिनांक 15 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय के धरती आबा, भगवान बिरसा मुंडा लॉन में उनके जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें उनके संघर्ष, त्याग एवं नेतृत्व गुणों से सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों को अवगत कराया गया। ●



अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी, श्रीमती अनुपमा निलेकर चंद्रा, ब्यूरो के अधकारियों ओर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए

15.11.2023
नई दिल्ली

**नवंबर, 2023**

## हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

16.11.2023
नई दिल्ली

दिनांक 16 नवंबर, 2023 को ब्यूरो मुख्यालय में नराकास दक्षिण दिल्ली–1 के सदस्य कार्यालयों में हिंदी के कामकाज को बढ़ाने और कार्मिकों में हिंदी के प्रति लगाव एवं प्रयोग बढ़ाने हेतु, हिंदी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नराकास सदस्य कार्यालयों के 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ●




उप निदेशक (एसपीडी), श्री शशि कान्त उपाध्याय प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए

**नवंबर, 2023**

## 3 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल का उद्घाटन

दिनांक 22 नवंबर, 2023 को निदेशक प्रशिक्षण, बीपीआरएंडडी, श्री अनुराग कुमार ने आंतरिक सुरक्षा पर आईआरएस (प्रशिक्षु) 76वें बैच के अधिकारियों को परिचित कराने के उद्देश्य से 22 से 24 नवंबर, 2023 तक सीडीटीआई, गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय आंतरिक सुरक्षा पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण मॉड्यूल का उद्घाटन किया। ●



बीपीआरएंडडी के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं आईआरएस (प्रशिक्षु) 76वें बैच के अधिकारियों का समूह फोटोग्राफ

22.11.2023
गाज़ियाबाद

## नवंबर, 2023

**IPS Probationers के 75 RR बैच का बीपीआरएंडडी एंव एनसीआरबी मुख्यालय में भ्रमण**

24.11.2023
नई दिल्ली

दिनांक 24 नवंबर, 2023 को 75 RR बैच के 148 IPS Probationers ने ब्यूरो मुख्यालय का भ्रमण किया। उनके लिए संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में बीपीआरएंडडी और एनसीआरबी के अधिकारियों द्वारा संस्था के मैंडेट, कार्य एवं उत्तरदायित्वों के ऊपर प्रस्तुति दी गई तथा वार्तालाप के माध्यम से उनके प्रश्नों का समुचित समाधान किया गया।



वरिष्ठ अधिकारीगण, IPS Probationers के प्रश्नों का उत्तर देते हुए


कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीगण एवं IPS Probationers

## दिसम्बर, 2023

**राष्ट्रीय रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी गांधीनगर छात्रों तथा फैकल्टी मेंबर का बीपीआरएंडडी मुख्यालय में भ्रमण**

11.12.2023
नई दिल्ली

दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी, गांधीनगर के 34 छात्र तथा 03 फैकल्टी मेंबर ने पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो मुख्यालय का भ्रमण किया। उन्हें ब्यूरो के विभिन्न प्रभाग के कार्यों के बारे में अवगत कराया गया।


निदेशक (आर एंड सीए), उपनिदेशक (एसपीडी) एवं राष्ट्रीय रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी, गांधीनगर के छात्रों और फैकल्टी मेंबर का समूह फोटोग्राफ





## दिसम्बर, 2023

**'यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम, 2013' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया**

19.12.2023
नई दिल्ली

दिनांक 19 दिसम्बर, 2023 को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा बीपीआरएंडडी के सौजन्य से "यौन उत्पीड़न निवारण (POSH) अधिनियम, 2013" पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बीपीआरएंडडी, एनसीआरबी, दिल्ली पुलिस तथा केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थानों के 150 से अधिक महिला एवं पुरुष कार्मिक शामिल हुए।



डॉ. श्रीशा साठे, संकाय सदस्य प्रतिभागियो को सबोंधित करते हुए

## 2-दिवसीय युवा पुलिस उपाधीक्षकों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 21 और 22 दिसम्बर 2023

2-दिवसीय युवा पुलिस उपाधीक्षकों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन 21 और 22 दिसम्बर 2023 को केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी, भोपाल में आयोजित किया गया जिसमे देश भर से 80 से अधिक पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक, सीबीआई (सेवानिवृत्त), श्री ऋषि कुमार शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में इस सम्मेलन की शोभा बढ़ाई।


निदेशक, सीबीआई (सेवानिवृत्त), श्री ऋषि कुमार शुक्ला जी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए



निदेशक, सीएपीटी, भोपाल, श्री अनिल किशोर यादव, निदेशक, सीबीआई (सेवानिवृत्त) श्री ऋषि कुमार शुक्ला जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए


2-दिवसीय युवा पुलिस उपाधीक्षकों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का समूह फोटोग्राफ




5जी पर राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन, 'विमर्श 2023' का उद्घाटन


011-26782012

BPRDIndia

bprdindia

officialBPRDIndia

Bureau of Police Research
& Development India

www.bprd.nic.in

## पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो
### गृह मंत्रालय, भारत सरकार

राष्ट्रीय राजमार्ग–48, महिपालपुर
नई दिल्ली – 110037
भारत


Please Scan the QR Code to Subscribe to Youtube Channel

**POLICE AUR SEVA**